६१ कुकण
६२ टक्क
६३ तटक्क
६४ कान्यकुब्ज
६५ काबोज
६६ भाडेज
६७ श्रीरज
६८ मगध
६९ मध्य
७० अव्य (दे० १३६)
७१ वध्य
७२ पारसकूल
७३ शककूल
७४ चेलाकूल
७५ खस
७६ खास
७७ काछ
७८ सिंधु
७९ सवालख
८० सूरसेन
८१ पोकाण
८२ गधहार
८३ वहलीक
८४ जल्ल
८५ राम
८६ मोष
८७ मलय
८८ चूलिका
८९ स्वर्णभूमिका
९० मोग्गार
९१ उड्डीयाण
९२ गुडीयाण
९३ वगलाण
९४ खान
९५ चद्रकुमार
९६ मलवार
९७ समुद्रपार
९८ छुप्पर
९९ सक्खर
१०० मक्खर
१०१ काय
१०२ गोट
१०३ पकण
१०४ आख्यक
१०५ हूण
१०६ रौमक
१०७ पारस
१०८ द्रुमिल
१०९ लकुस
११० वक्कुस
१११ आमाषक
११२ अनद्य
११३ लास
११४ मेदर
११५ मठ
११६ मौण्ड्रिक
११७ आरव
११८ कुहण
११९ केकय
१२० रौरव
१२१ मिल्लिन्द्र
१२२ पुल्लिन्द्र
१२३ क्रौंच
१२४ भ्रमरक
१२५ कोय
१२६ चंचका
१२७ शक
१२८ यवन
१२९ उड
१३० मरुंड
१३१ ओड
१३२ मेडक
१३३ भित्तक
१३४ कुलाद्य
१३५’ क्रोथ
१३६ अंन्ध्रय
१३७ द्रविड
१३८ चि (वि?) ल्लल
१३९ आरोप
१४० डोब
१४१ मरुक
१४२ साल्व
१४३ काणव
१४४ तायिक (तासिक)
१४५ सारस्वत
१४६ वाल्हीक (दे० ८३)
१४७ तुरुष्क
१४८ कारुष
१४९ कुंतल
१५० फिरग
१५१ सौराष्ट्र इत्यादि सू.प.

बालाबख्श राजपूत चारण पुस्तकमाला—१०

सभा शृंगार

संकलनकर्ता तथा संपादक

अगरचंद नाहटा

नागरीप्रचारिणी सभा, काशी

प्रकाशक : नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी

मुद्रक : शंभुनाथ वाजपेयी, राष्ट्रभाषा मुद्रण, काशी

प्रथम संस्करण, ११०० प्रतियाँ, संवत् २०१६

मूल्य ६)

ग्रंथमाला का परिचय

जयपुर राज्य के अंतर्गत इणोतिया ग्राम के रहनेवाले बारहट नृसिंहदासजी के पुत्र बारहट बालाबख्शजी की बहुत दिनों से इच्छा थी कि राजपूतों और चारणों की रची हुई ऐतिहासिक और (डिंगल तथा पिंगल) कविता की पुस्तकें प्रकाशित की जायँ जिससे हिंदी साहित्य के भाडार की पूर्ति हो और ये ग्रंथ सदा के लिये रक्षित हो जायँ। इस इच्छा से प्रेरित होकर उन्होंने नवंबर सन् १९२२ में ५०००) रु० काशी नागरीप्रचारिणी सभा को दिए और सन् १९२३ में २०००) रु० और दिए। इन ७०००) रु० से ३॥) वार्षिक सूद के १२०००) के अंकित मूल्य के गवर्मेंट प्रामिसरी नोट खरीद लिए गए हैं। इनकी वार्षिक आय ४२०) रु० होगी। बारहट बालाबख्शजी ने यह निश्चय किया है कि इस आय से तथा साधारण व्यय के अनंतर पुस्तकों की बिक्री से जो आय हो अथवा जो कुछ सहायतार्थ और कहीं से मिले उससे "बालाबख्श राजपूत चारण पुस्तकमाला" नाम की एक ग्रंथावली प्रकाशित की जाय जिसमें पहले राजपूतों और चारणों के रचित प्राचीन ऐतिहासिक तथा काव्य ग्रंथ प्रकाशित किए जायँ और उनके छप जाने अथवा अभाव में किसी जातीय संप्रदाय के किसी व्यक्ति के लिखे ऐसे प्राचीन ऐतिहासिक ग्रंथ, ख्यात आदि छापे जायँ जिनका संबंध राजपूतों अथवा चारणों से हो। बारहट बालाबख्शजी का दानपत्र काशी नागरी-प्रचारिणी सभा के तीसवें वार्षिक विवरण में अविकल प्रकाशित कर दिया गया है। उसकी धाराओं के अनुकूल काशी नागरीप्रचारिणी सभा इस पुस्तकमाला को प्रकाशित करती है।

प्रकाशकीय वक्तव्य

नागरीप्रचारिणी सभा काशी की बारहट बालाबख्श राजपूत चारण पुस्तकमाला ने अपने क्षेत्र में जो सेवा की है उसका मूल्य हिंदी जगत् जानता है। इस ग्रंथमाला के अतर्गत अब तक निम्नलिखित नव ग्रंथ प्रकाशित हो चुके हैं।

१. बाँकीदास ग्रंथावली भाग १ संपादक—श्री पं० रामकर्ण जी
२. बीसलदेवरासो—संपादक—श्री सत्यजीवन वर्मा
३. शिखरवंशोत्पत्ति—संपादक—श्री पुरोहित हरिनारायण शर्मा
४. बाँकीदास ग्रंथावली भाग २—संपादक श्री रामनारायण दूगड़
५. ब्रजनिधि ग्रंथावली—संपादक श्री पुरोहित हरिनारायण शर्मा
६. ढोलामारू रा दूहा—संपादक श्री रामसिंह जी
७. बाँकीदास ग्रंथावली भाग ३—संपादक श्री मुरारिदान
८. रघुनाथ रूपक गीतारो—संपादक महतावचंद खारैड
९. राजरूपक—संपादक श्री० रामकर्ण जी

इस ग्रंथमाला का यह दसवाँ ग्रंथ है।

यद्यपि आरंभ में इस पुस्तक का आयोजन सभा की बिड़ला ग्रंथमाला के अंतर्गत किया गया था तो भी इस ग्रंथमाला के अधिक उपयुक्त होने के कारण सभा ने इसका प्रकाशन इसी ग्रंथमाला के अंतर्गत करना अधिक उपादेय समझा।

श्री अगरचंद जी नाहटा की साहित्यसेवा से हिंदी जगत् परिचित है। उन्होंने विशेष श्रम तथा धैर्यपूर्वक इस ग्रंथ का संपादन कर इस ग्रंथमाला को श्रीमय करने का सद्प्रयत्न किया है। सभाशृंगार वर्णक ग्रंथ है जो निम्नांकित दस विभागों में संकलित है :—

विभाग १—देश, नगर, वन, पशुपक्षी, जलाशय, नदी, समुद्र वर्णन।

विभाग २—राजा, राजपरिवार, मंत्री, चक्रवर्ती, रावण, राजसभा, आस्थान मंडप, गज, अश्व, शस्त्र, युद्ध आदि का वर्णन।

विभाग ३—स्त्री पुरुष वर्णन।
विभाग ४—प्रकृति वर्णन।
विभाग ५—कलाएँ और विद्याएँ।
विभाग ६—जातियाँ और धंधे।
विभाग ७—देव वेतालादि।
विभाग ८—जैन धर्म संबंधी।
विभाग ९—सामान्य नीति वर्णन।
विभाग १०—भोजनादि वर्णन।

इस वर्णक में न केवल भेद प्रभेदों एवं नामावलियों का विस्तारपूर्वक उपयोगी वर्णनमात्र है अपितु इसमें साहित्यिक सौंदर्य की अलंकृत शैली का भी यत्र-तत्र दर्शन होता है। साथ ही परिशिष्ट के रूप में 'रत्नकोष' और 'राजनीति निरूपण, नामक दो संस्कृत ग्रंथों को देकर संपादक ने इसकी उपयोगिता का विस्तार किया है। इस विशिष्ट उपयोगी वर्णक संग्रह के प्रकाशन में कुछ अनावश्यक विलंब अनेक कारणों से हुआ तो भी यह व्यवधान इसे इस रूप में प्रकाशित करने में कुछ अंशों तक सहायक भी सिद्ध हुआ है। आशा है इस उपयोगी ग्रंथ का आदर होगा।

सुधाकर पांडेय
प्रकाशन मंत्री

आषाढ़ १, २०१९

—०—

भूमिका

श्री अगरचन्द जी नाहटा विख्यात शोधकर्ता विद्वान् हैं। उनके द्वारा संपादित सभा-शृंगार ग्रन्थ सास्कृतिक शब्दावली की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। सभा-शृंगार के नाम से कई हस्तलिखित प्रतियाँ उपलब्ध होती हैं जिनका उल्लेख सपादक ने प्रति-परिचय शीर्षक के अ तर्गत किया है। श्री भोगीलाल साडेसरा ने स्व-संपादित वर्णक-समुच्चय नामक ग्रन्थ में सभा-शृंगार की एक प्रति का प्रकाशन किया है [1]। उसकी सामग्री का समावेश भी यहाँ हुआ है।

सभा-शृंगार उस प्रकार का साहित्य है जिसे वर्णक-साहित्य का नाम दिया गया है और जो अभी कुछ ही वर्ष पूर्व से साहित्यको के दृष्टि-पथ मे विशेष रूप से आया है। इस साहित्य का सम्बन्ध किसी वस्तु के उस परिनिष्ठित वर्णन से है जिसे सार्वजनिक रीति से आदर्श वर्णन के रूप में स्वीकार कर लिया जाता था। इस प्रकार के वर्णन कवि और कलाकार दोनों के लिये सहायक होते हैं, एवं श्रोता और वक्ता दोनों को इस प्रकार के वर्णनो में वस्तु का ज्वलन्त चित्र प्राप्त हो जाता है। अतएव दोनों ही उसमें रुचि लेते हैं; जैसे किसी राजा और उसकी राजसभा का वर्णन अथवा सोलह शृंगारों से सजी किसी रूपवती नायिका का वर्णन, अथवा वृक्ष, पुष्प, फल, सरोवर, पक्षी आदि की समृद्धि से रमणीय किसी उद्यान का वर्णन। इस प्रकार की वस्तुओं का वर्णन अनेक व्यक्ति अपनी अपनी रुचि के अनुसार भी कर सकते हैं जिनका एक दूसरे से भिन्न होना संभव है। किन्तु यदि कई वर्णनों की तुलना की जाय तो उनमें एक सदृश परिपाटी का विकास होता हुए दिखाई पड़ेगा। ऐसे ही पल्लवित वर्णनो को यदि एक आदर्श वर्णन के रूप में ढाल दिया जाय तो उसका वह परिनिष्ठित रूप कालान्तर में रूढिगत बन जाता है। यही इस प्रकार के वर्णनो की पृष्ठभूमि है जिसका भारतीय साहित्य की सस्कृत, प्राकृत, पाली, अपभ्रंश एव देशी भाषाओं की कृतियों में प्राचीन काल से ही प्रमाण उपलब्ध होने लगता है।

इस प्रकार के वर्णन के लिए वर्णक शब्द प्राचीन जैन आगम शास्त्र में पाया जाता है जिसे प्राकृत भाषा में 'वण्णओ' कहा गया है। उदाहरण के लिए—

१—भोगीलाल जी साडेसरा, वर्णक-समुच्चय, भाग १ पृ० १०५-१५६, प्राचीन गुर्जर ग्रथमाला, महाराज सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा।

तेणं कालेणं तेणं समयेणं राया होत्था (वरणओ)। धारिणी नाम देवी होत्था (वरणओ) । चम्पा नाम नयरी होत्था (वरणओ) इत्यादि ।[१] यहां कोष्ठक में वरणओ लिख देने से राजा रानी या नगरी का जो आदर्श वर्णन प्रचलित था उसी को ग्रहण किया जाता था और ग्रन्थों की प्रतिलिपि करते समय उसे बार बार दोहराने की आवश्यकता नहीं समझी जाती थी । यह प्रथा कुछ उस प्रकार की थी जिसे वैदिक मन्त्रों का पाठ करते समय गलन्त कहा जाता था । ऋक् प्रातिशाख्य (१०।१६) के अनुसार ऐसे शब्दों या वाक्यों की संज्ञा जो कई बार दोहराए जाँय 'समय' थी । इस प्रकार के संगठित वर्णन या समय वाची शब्द पदपाठ मे छोड दिए जाते थे और एक गोल बिन्दु से उनका संकेत बना दिया जाता था जिसके कारण उन्हें गलन्त कहने लगे । किन्तु गलन्त पाठ में उन सब शब्दों को यथावत् दोहराना आवश्यक होता था[२] । श्वेताम्बर जैन आगम अपने वर्णकों के लिए प्रसिद्ध है। उन सबका एक अच्छा संग्रह अलग पुस्तकाकार प्रकाशित किया जाए तो वह भी इस प्रकार के साहित्य की रोचक कड़ी सिद्ध होगी । देवर्धिगणि क्षमाश्रमण के निदेशन मे जैन आगमो का जो संस्करण वलभी मे तैयार हुआ था और जो इस समय उपलब्ध है उसमें वर्णकों का जो परिनिष्ठित रूप प्राप्त होता है वह कुछ तो अवश्य ही प्राचीन काल से मूल रूप मे आया होगा; किन्तु हमारा अनुमान है कि गुप्त कालीन संस्कृति के समृद्ध वर्णनों की छाप भी उस पर लगी होगी, जैसा संस्कृत त्रिपिटक साहित्य के संकलन के समय भी हुआ । सांस्कृतिक शब्दावली के विभिन्न स्तरों की छानबीन की दृष्टि से इस प्रकार का अनुसंधान उपयोगी हो सकता है ।

वर्णक के लिये ही वर्ण शब्द गुप्तकालीन संस्कृति में प्रयुक्त होने लगा था । 'मूल सर्वास्तिवाद विनय पिटक' के अंतर्गत प्रव्रज्यावस्तु नामक ग्रन्थ में इस शब्द का प्रयोग हुआ है — मृष्टाभिधायी स माणवः तेन तथा तथा मध्यदेशस्य वर्णो भाषितो यथा ते माणवकाः सर्व एव मध्यदेशगमनोत्सुकाः संवृत्ताः[३];-अर्थात् वह विद्यार्थी बडा मधुरभाषी था । उसने जैसे जैसे दक्षिणा-

---

१—न. व. वैद्य, ए नोट आन दी वर्णकाज (वर्णकों पर एक टिप्पणी), आल इण्डिया ओरियंटल कानफरेन्स, काशी अधिवेशन लेख संग्रह, भाग ७, पृ० ४७२–४७३ ।

२—सी. जी. काशीकर, ऋग्वेद पाठ में गलन्तों की समस्या, ओरियन्टल कानफरेन्स, नागपुर अधिवेशन लेख संग्रह, पृ० ३६ ।

३—मूल सर्वास्तिवाद विनय वस्तु, भाग ३ खण्ड ४, प्रव्रज्यावस्तु, पृष्ट १३, गिलगित मैनुस्क्रिप्ट्स, कलकत्ता ।

पथ के छात्रों के सामने मध्यदेश का वर्णन सुनाया वैसे वैसे दक्षिण के वे सब छात्र मध्य देश चलने के लिए उत्कंठित होते गए। वर्णक के अर्थ मे वर्ण शब्द का यह प्रयोग तेरहवीं शती के सगीतरत्नाकर नामक ग्रथ में भी पाया जाता है। उसमे 'वर्ण कवि' का उल्लेख है जिसका अर्थ टीकाकार कल्लिनाथ ने 'वर्णना कवि' किया है। शार्ङ्गदेव की सम्मति में वस्तु कवि श्रेष्ठ और वर्ण कवि मध्यम माना जाता था (वरो वस्तुकविर्वर्णकविर्मध्यम उच्यते, संगीत रत्नाकर भाग १ पृ० २४५)। यह स्पष्ट है कि तेरहवीं शती के आसपास के भारतीय साहित्य में प्रायः सभी क्षेत्रीय भाषाओं में वर्ण कवियों की धूम थी। उसी का एक रूप अवहट्ट के सदेशरासक और विद्यापति की कीर्तिलता मे प्राप्त होता है। दोनों के वर्णन वर्णक शैली के हैं, यद्यपि शब्दावली की दृष्टि से उनमें अपनी ताजगी भी पाई जाती है। कवि शेखराचार्य ज्योतिरीश्वर ठक्कुर (१४ वीं शती का प्रथम भाग) कृत प्राचीन मैथिली भाषा के वर्णरत्नाकर नामक ग्रन्थ मे वर्ण शब्द वर्णन, वर्णना या वर्णक के अर्थ में ही प्रयुक्त हुआ है। श्री सुनीतिकुमार चटर्जी ने ज्योतिरीश्वर के ग्रन्थ का सम्पादन किया है। वह ग्रन्थ इस प्रकार के साहित्य में शिरोमणि कहा जा सकता है। उसमें लगभग साढ़े ६ हजार शब्द हैं जो सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यन्त मूल्यवान है और मध्यकालीन भारतीय संस्कृति का, विशेषतः तुर्क युग में राजा और प्रजा की रहन-सहन का भरापूरा चित्र उपस्थित करते हैं। उस ग्रन्थ की सामग्री पर आश्रित एक बड़े शोध निबन्ध की आवश्यकता है। वस्तुतः समग्र भारतीय वर्णक साहित्य की सामग्री को लक्ष्य मे रखते हुए यदि अनुसंधान कार्य किया जाय तो कोश निर्माण और सांस्कृतिक परिचय दोनों के लिये बहुत लाभ हो सकता है।

प्राचीनकाल से ही साहित्यकारों ने परिनिष्ठित वर्णकों को अपना उपजीव्य बना लिया था, जैसा बाण कृत हर्षचरित और कादम्बरी से प्रकट होता है। जंगल या बागबगीचों के वर्णन के लिये वृक्ष और पुष्प पक्षी आदि की लगभग एक सी ही घिसी-पिटी सूचियाँ काम में लाई जाती थीं। उद्यान-क्रीड़ा और सलिल-क्रीडा, घोड़े और हाथियों के भेद और उनकी चालों के भेदों के वर्णन का भी एक परिनिष्ठित रूप प्राप्त होता है। पर अच्छे कवियों की उन्मुक्त कल्पना के लिये हमेशा ही मौलिकता का अवसर रहता था। हमारा अनुमान है कि अन्य भाषाओं का मध्यकालीन साहित्य भी वर्णक शैली से प्रभावित हुआ था। गुजराती भाषा के मामेरु काव्यों में दान दहेज मे दिये जाने वाले वस्त्र और सामान की यथासंभव विशद सूचिया समाविष्ट की गई। प्रेमानन्द कृत मामेरू में इसकी छाप स्पष्ट है। जायसी के

पद्मावत काव्य में अनेक वर्णन वर्णक शैली से प्रभावित है। उसमें घोड़ों और वस्त्रों की एवं वृक्षों और पुष्पों की सूचियाँ वर्णक साहित्य की दृष्टि से रोचक हैं। और भी दो स्थानों पर पद्मावती के रूप-वर्णन एवं विवाह-खंड में नायक नायिका का विलास-वर्णन अथवा आरम्भ में गढ़ और नगर वर्णन—इन पर यदि तुलनात्मक दृष्टि से विचार किया जाय तो वर्णक शैली का प्रभाव स्पष्ट दिखलाई पड़ेगा।

यह प्रसन्नता की बात है कि वर्णक साहित्य क्रमशः अब सामने आ रहा है। भारत की सभी प्रादेशिक भाषाओं में वर्णक ग्रन्थों की रचना हुई होगी, यह तथ्य युग युग के भारतीय साहित्य की विकास परम्परा के अनुकूल ज्ञात होता है। अतएव यह आवश्यक है कि जहाँ तक संभव हो प्रत्येक भाषा के वर्णक साहित्य को वहाँ के विद्वान प्रकाश में लाएं। जैसा श्री सुनीति बाबू ने लिखा है, बंगला भाषा में राय बहादुर श्री दिनेशचन्द्र सेन को इस प्रकार का साहित्य कथा बाँचने वाले कथकों से प्राप्त हुआ था। मध्यकालीन वर्णक साहित्य का सर्वोत्तम प्रकाशन अभी तक गुजराती भाषा में हुआ है। श्री मुनि जिनविजय जी ने अपने प्राचीन गुजराती गद्य सन्दर्भ नामक ग्रन्थ के अन्तर्गत पृथ्वीचन्द्र चरित्र अपर नाम वाग्विलास (कर्ता श्री माणिक्यचन्द्र सूरि, वि० सं० १४७८) का प्रकाशन किया था। यह भी एक विशिष्ट वर्णक ग्रन्थ है और वर्ण रत्नाकर के साथ तुलना करने से स्पष्ट विदित हो जाता है कि मध्यकालीन भारतीय साहित्य की सांस्कृतिक पृष्ठ-भूमि कितनी दूर तक एक सदृश थी। जीवन की एक जैसी रहन सहन प्रत्येक प्रदेश में छाई हुई थी। इसी ग्रन्थ में ८४ हाटों की सूची सुरक्षित रह गई है। भारत की ६६ करोड़ ग्राम संख्या का उल्लेख भी इस ग्रन्थ में है जैसा स्कन्द पुराण के महेश्वर खण्ड के अन्तर्गत कुमारिका खण्ड में भी उल्लेख आया है (षण्ण-वत्येव कोट्यः ग्रामा', ३।१६३६)। जिस समय यह संख्या लिखी गई उस समय भारतवर्ष में भूमि एवं अन्य स्रोतों से समस्त राष्ट्रीय आय का अनुमान ६६ करोड़ कार्षापण किया जाता था।

वर्णकों के संग्रह की दृष्टि से श्री साडेसरा द्वारा संपादित वर्णक-समुच्चय, जिसका उल्लेख ऊपर हो चुका है, अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इसमें लगभग १२ वर्णक मुद्रित हैं। आरम्भ में विविध वर्णक नामक १०० पृष्ठों का १ वर्णक ग्रन्थ है जिसमें ये सूचियाँ महत्त्वपूर्ण हैं—राज लोक, पौर लोक, राजवर्णन (पृष्ठ १३-१४), नगर वर्णन (पृष्ठ २१-२२), देश सूची (पृष्ठ २८-३७, इसमें भी ६६ करोड़ ग्राम का उल्लेख है), नगर प्रासाद वर्णन (पृष्ठ ३२), ३६ राजकुली (पृष्ठ ३३), वस्त्र सूची (पृष्ठ ३४-३५), जिसमें

१०० से अधिक वस्त्रों के नाम है·), कलशान्त प्रासाद वर्णन (पृष्ठ ३६-४०), जिन मन्दिर (पृष्ठ ४८-७१), राजलोक, पौरलोक चक्रवाल (पृष्ठ ४६) वस्तु पाल-तेजपाल विरुद (पृष्ठ ५५), आस्थान मंडप वर्णन (पृष्ठ ७२), अश्व सूची (पृष्ठ ६२), समुद्र मे प्रवहण भंग का वर्णन (पृष्ठ ६७, इस प्रकार का एक अत्यन्त विशद वर्णन नायाधम्मकहा, अध्याय ६ में भी आया है)। इसी ग्रन्थ मे सभा शृंगार का भी एक सस्करण ५० पृष्ठो में प्रकाशित हुआ है जिसकी सामग्री नाहटा जी ने ले ली है। उसकी प्रतिलिपि सवत् १६७५ मे की गई थी। साडेसरा जी के तीसरे सग्रह वर्ण्य वस्तु वर्णन पद्धति मे भी देशों (पृष्ठ १६५) की सूची और उनकी ग्राम संख्या महत्त्वपूर्ण है जिसमे भारत के बाहर के महाभोट, सिहल, चीन, महाचीन देशो के नाम भी हैं। चौथे प्रकीर्ण वर्णक में १८ करों के नाम रोचक हैं। (पृष्ठ १७०)। पाचवे संग्रह का नाम जिमणवार परिधान विधि है जिसमें ३६ प्रकार के लड्डू, अनेक मिष्ठान्न भोज्य सामग्री एव लगभग २०० वस्त्रों के नाम हैं (पृष्ठ १८०-१८१)। यह प्रति १६७५ सवत् (ई० १६१८) में जहाँगीर के काल में लिखी गई थी। अतएव मुगल काल के आरम्भ मे जितने वस्त्र इस देश में बनने लगे थे और जो बाहर मे मंगाए जाते थे उनकी बहुत ही बडी सूची उस सग्रह में प्राप्त हो जाती है। यह सूची सभवतः किसी सम्राट के वस्त्र भण्डारी की सहायता से प्राप्त की गई होगी। साडेसरा जी ने अपने संग्रह के परिशिष्ट १ मे प्रयागदास नामक किसी लेखक के, कपडाकुतूहल नामक ग्रन्थ का मुद्रण किया है जिसका एक नाम कपडा-बत्तीसी भी था। दूसरे परिशिष्ट का नाम क्रयाणक-वस्त्र नामावली है जिसमे ३६० किराने की वस्तुओ के नाम, ६८ वस्त्रों के नाम और १४२ आभूषणों के नाम है। साडेसरा जी के वर्णक-समुच्चय के अन्त में अकारादि सूची नही है। संभवत. ग्र थ के दूसरे भाग में वे उसे प्रस्तुत करेंगे। किन्तु उस ग्रन्थ में सकलित सामग्री गुजराती भाषा तक सीमित न होकर हिन्दी के विद्वानों के भी बहुत काम की है।

नाहटा जी द्वारा संगृहीत सभा-शृंगार मे ऐसी ही उपयोगी सामग्री का एकत्र संकलन हुआ है। इसके १७ विभाग हैं। जो वर्ण्य विषय के अनुसार इस प्रकार हैं—

विभाग १—पृ १–२८ देश, नगर, वन, पशु-पक्षी, जलाशय, नदी, समुद्र वर्णन।

विभाग २–पृ० २६–८६–राजा, राजपरिवार, मन्त्री, चक्रवर्ती, रावण, राजसभा, आस्थानमंडप, गज, अश्व, शस्त्र, युद्ध आदि का वर्णन।

विभाग ३—पृ० ८७-११४—स्त्री-पुरुष वर्णन ।
विभाग ४—पृ० ११५-१३४—प्रकृति वर्णन ।
विभाग ५—पृ० १३५-१४४—कलाएँ और विद्याएँ ।
विभाग ६—पृ० १४५-१५२—जतियाँ और धंधे ।
विभाग ७—पृ० १५३-१७४—देव वेतालादि ।
विभाग ८—पृ० १७५-२२२—जैन धर्मसम्बन्धी ।
विभाग ९—पृ० २२३-२७२—सामान्य नीति वर्णन ।
विभाग १०—भोजनादि वर्णन ।

नाहटाजी ने इस संग्रह में जिस प्रकार से विषय का विभाग किया है वह उनका अपना है। वर्णन संग्रहों को यथावत् न छाप कर उनमें से एक जैसे विषयों का संकलन कर दिया है। इन विभागों का कुछ परिचय आवश्यक है।

पहले विभाग में जो विषय संकलित हैं उनमें देश नामों की चार सूचियाँ हैं (पृ०, ३-५)। पहली सूची में १५१ नाम हैं। पुराणों के भुवन कोशों की जनपद सूचियाँ प्रसिद्ध हैं। उनमें से मूल सूची का संकलन पाणिनि काल में हुआ होगा। उसके बाद गुप्तकाल में उससे बड़ी एक दूसरी सूची तैयार हुई जो बृहत्संहिता और मार्कण्डेय पुराण में पाई जाती है। इस सूची के भी युगानुसार और संस्करण बनते रहे, जिनमें से एक गुर्जरप्रतिहार युग के महाकवि राजशेखर ने काव्यमीमांसा में उद्धृत की है। उसके बाद तुर्क युग की सूची पृथ्वीचन्द्रचरित में मिलती है। उस समय की सूची में ९८ देशों के नाम गिनाए जाते थे। वर्णरत्नाकर में भी यह सूची रही होगी किन्तु अब वह अंश खण्डित हो गया है। सभा-शृंगार की यह सूची मुगल काल में संगृहीत हुई होगी। इसमें नए और पुराने नामों की मिलावट है। पुराने नामों में शक, यवन, मुरुण्ड, हूण, रोमक, काम्बोज, कारव आदि हैं। ताईक (संख्या १४४) नाम ताजिक देश के लिये है। भारत से बाहर के देशों की सूची पर-द्वीप नाम के अन्तर्गत अलग दी गई है, जिनमें हुर्मुज, मक्का, मदीना, पुर्तगाल, पीगु, रोम, अरब, बलख, बुखारा, चीन, महाचीन, फिरंग हबस आदि के नाम तो ठीक हैं, किन्तु दीव, घोघा, डाहल, मलबार, चीउल, मुल्तान, जम्मू, आबू और ढाका के नाम इस देश के ही हैं। १।६ के अन्तर्गत जो संख्याएँ हैं उन्हें देशों की उपज कहना ठीक नहीं। वे उसी प्रकार की ग्राम संख्याएं हैं जिनका उल्लेख ऊपर आ चुका है। सूची १।८, १।९ में नगरों के नाम हैं जिनमें कुछ नए और कुछ पुराने मिले हुए हैं। १।११ से १।२४ तक नगर वर्णन संबन्धी वर्णक महल-

पूर्ण है। १।२१ और १।२२ मे ८४ चौहट्टो की दो सूचिया महत्वपूर्ण हैं। इनकी एक सूची पृथ्वीचन्द्रचरित्र मे भी प्राप्त हुई थी, जो नाहटा जी की पहली सूची से बहुत मिलती है। पृष्ठ १६ पर स्वयवर मण्डप का वर्णन करते हुए पञ्चरगी देवाशुक के बने हुए ऊलोच (शामियाने) के उल्लेख के अतिरिक्त तलियातोरण उठाने का भी वर्णन है। यह एक विशेष प्रकार का दोमजला तोरण होता था जिसे स्थापत्य की परिभाषा मे तलकतोरण कहते थे। पृथ्वीराज-रासो के लघु सस्करण मे जिसका सम्पादन पजाब के श्री बेणीप्रसाद शर्मा ने किया है इसी का बिगडा हुआ रूप तिलङ्गा तोरण हमे प्राप्त हुआ था। पृ० १८-२१ पर अटवी वर्णन नो प्रकार से सगृहीत हैं। उसके बाद वृक्ष नामो की छः सूचियाँ है। इस प्रकार की सूचियाँ वन वर्णन के साथ सस्कृत साहित्य मे भी प्रायः मिलती हैं। विशेषतः महाभारत और पुराणों मे वृक्षावली की लम्बी सूचियो के द्वारा ही वन वर्णन करने की प्रथा थी। वृक्षों के प्राचीन नामों मे सहकार कुषाण गुप्त युग का शब्द था। मूल महाभारत के स्तर मे उसे न होना चाहिए था। नन्दन वन के वर्णक की वृक्ष सूची मे वह पडा हुआ है, जो इस बात का सकेत है कि वह परिनिष्ठित वर्णन गुप्तकाल मे किसी समय जोडा गया। सरोवर वर्णन के भी तीन प्रकार दिए है (पृ० १२६)। इनमे शतपत्र, सहस्रपत्र के अतिरिक्त कमल के लिये लक्षपत्र हमे पहली ही बार प्राप्त हुआ है। नदी नामों के अन्त मे लिखा है कि १४ लाख ५६ हजार नदियाँ लवण समुद्र मे मिलती हैं। यद्यपि स्कन्द पुराण के नागर खण्ड मे हमे उल्लेख मिला था कि केवल गङ्गा ही ६०० नदियो को लेकर समुद्र मे मिलती है फिर भी प्रस्तुत संख्या अब तक की प्राप्त संख्याओ मे सबसे बडी है[1]।

विभाग २ के अन्तर्गत राजा के वर्णन के लगभग १५ प्रकार दिए हैं। पहले वर्णन मे गोड, भोट, पाचाल, कन्नड, ढूँढाड़ (जयपुर), बाबर (सौराष्ट्र) चोड, दशउर (दशपुर मालवा), मेवाड, कच्छ, अंग आदि देशो की समृद्धि या विभूति पर शासन करने का उल्लेख है। पृष्ठ ३६ पर अष्टादश द्वीप कीर्ति विख्यात एव एकोनविंशति पत्तनो के नायक विशेषण मध्यकालीन प्रतापी चोल सम्राटों के विशाल सामुद्रिक राज्य और दिग्विजय से लिए किए गए अभिप्राय थे। पृष्ठ ४३ पर चक्रवर्ती के वर्णन मे अनेक संख्याओ का उल्लेख है जिनमे ९६ कोटि ग्राम सख्या भी है जिनकी व्याख्या ऊपर आ चुकी है। रानी,

---

१—शतानि नव सगृह्य नदीना परमेश्वरी। तथा गङ्गाभिधा या तु सैव प्राक् सागर गता।

राजकुमार के वर्णन सामान्य कोटि के हैं। किन्तु राजसभा के छः वर्णन (पृष्ठ ५८–५६) महत्वपूर्ण सांस्कृतिक सामग्री से भरे हुए है जिनकी व्याख्या विस्तार की अपेक्षा रखती है। सिगरणा (श्रीकरण का मुख्य मंत्री जिसे आजकल की भाषा मे गृह मंत्री कहेंगे) और वेगरणा (व्ययकरण का अर्थमंत्री) मध्यकालीन सचिवो के नाम थे। साहणिया या साहणी (अश्वसाधनिक) नामक अधिकारी था। राजसभा के पाँचवें वर्णन में उसे महामसाणी (=महासाहणी=महासाधनिक) कहा गया है। इसी प्रसग मे थैयायत शब्द उल्लेखनीय है। नाहटाजी ने सूचित किया है कि राज दरबार में ताम्बूल आदि देने वाला सम्मानित व्यक्ति थैयायत कहलाता था। श्रीपालचरित में उसका उल्लेख है। पृष्ठ ६३–६४ पर तीन बार लोहे के महाकाय मोगल का उल्लेख है। हमारे लिए यह नया शब्द है और प्रतोली और कपाट के प्रसग में इसका अर्थ परिघ या दृढ़ अर्गला होना चाहिए। गज वर्णन के ६ प्रकार और अश्व वर्णन के ७ प्रकार सगृहीत है। इनमें सप्तागप्रतिष्ठित विशेषण हाथी के लिये प्राचीन पाली और सस्कृत साहित्य मे भी आता है। अश्वों के नाम रंग एवं देशो के अनुसार रक्खे जाते थे जिसकी पर्याप्त नई सामग्री इन सूचियों में है। पृष्ठ ७० पर सेराह, हलाह, उराह, आदि नाम अरबी फारसी परम्परा के थे। बोरिया या बोर घोडे का उल्लेख जायसी में भी आया है। पृष्ठ ७२–८५ पर युद्ध वर्णन के ७ प्रकार मध्यकालीन वीरकाव्यो की रूढ़ शैली पर है।

विभाग ३ मे स्त्री पुरुषो का वर्णन है। इसमें सत् पुरुषों के गुणों की सूची एवं सज्जन दुर्जन का परिचय रोचक है। इसी प्रकार पृष्ठ ६६ पर उत्तम स्त्रियों की गुण सूची भी सुन्दर है। पृष्ठ ११३–१४ पर मालवा, मेवात, मेवाड, दक्षिण और गुजरात की स्त्रियो के नामो की सूची पहली ही बार साहित्य में देखने को मिलती है।

विभाग ४ में प्रकृति वर्णन का संग्रह है जिसमे प्रभात, सध्या, सूर्योदय, चन्द्रोदय और छः ऋतुओं के वर्णनो का संग्रह है। साहित्य में वसन्त, वर्षा और शरद् के वर्णन तो प्रायः मिलते है, पर ग्रीष्म के वर्णन कम पाए जाते हैं। बाण के हर्षचरित मे ग्रीष्म का बहुत ही उदात्त और मौलिक वर्णन पाया जाता है। यहाँ उन्हालो या उष्णकाल के तीन वर्णन है। जैसे बावन पल की तोल का सोने का गोला दहकता हो वैसे ही सूर्य तप रहा था—यह कल्पना नई है। बावन तोले माल गलाने का मुहावरा ही मध्यकाल में चल गया था, जैसा ५२ तोले पाव रत्ती इस लोकोक्ति में सुरक्षित है। पृष्ठ १२४ पर वर्षा के कारण पटशाल के टपकने का उल्लेख है। पटशाल पट्टशाला का रूप है जो राजप्रासाद के

आस्थान मंडप या आस्थायिका के लिये होना चाहिए जहाँ पाट या सिंहासन रहता था। किसानों को कई वार कर्षणीलोक कहा गया है। इसी प्रकरण में कलिकाल के भी कई वर्णन है। कलि वर्णन मध्यकालीन साहित्य का एक अभिप्राय ही बन गया था। प्राचीन राजस्थानी और हिन्दी में कई कलियुग चरित्र मिलते हैं। यान कवि ने संवत् १६७४ में एक कलियुग चरित्र की रचना की थी। उससे २०० वर्ष पूर्व संवत् १४८६ में हीरानन्द सूरि ने कलिकाल रास लिखा था। गोस्वामी जी ने उत्तरकाण्ड मे कलिधर्मों का बहुत अच्छा वर्णन किया है। वैसे तो गुप्तकाल से ही इस प्रकार के कलिचरितों की रचना होने लगी थी। विष्णुपुराण में सर्वप्रथम कलिचरित का सन्निवेश हुआ है। लोकमाया बहुल, अल्प मंगल, यही इन कलिमलों का सार था। आउखा स्तोक, निवाणिजा लोक अर्थात् आयुर्बल थोडा हो गया और लोगो का व्यवसाय धन्धा जाता रहा यही कलि प्रभाव है। रामचरितमानस का कलिवर्णन उसी परम्परा मे है।

विभाग ५ मे कला और विद्याओं की सूचियाँ हैं। इस प्रकार की अन्य कई सूचियाँ सस्कृत साहित्य मे भी मिलती हैं। उनके साथ तुलनात्मक अध्ययन के लिये ये सूचियाँ उपयोगी है। प्राचीनकाल की अनेक विदग्ध गोष्ठियो मे इन कलाओं की आराधना की जाती थी, जैसे वक्रोक्ति, काव्यशक्ति, काव्यकरण, वचनपाटव, वीणा, कथाकथन, अङ्कविचार, प्रश्न-पहेलिका, अन्ताक्षरिका आदि विषय मनोविनोद के साधन थे। पृष्ठ १४० पर ४७ राग-रागिनियों की सूची है और पृष्ठ १४१ पर बाजों के नामों की दो बडी सूचियाँ हैं। पृष्ठ १४० पर बद्ध नाटक में ३२ अभिप्रायों द्वारा सपादित नाट्य विधि का उल्लेख है जो जैन-परम्परा मे प्रसिद्ध हो गई थी और जिसका विस्तृत वर्णन रायपसेनिय सूत्र में आया है। पृष्ठ १४३ पर लिपियो की ३ सूचियाँ हैं जिनमें कुछ नाम तो काल्पनिक और अनेक नाम वास्तविक जीवन से लिये गए हैं, जैसे नागरी लिपि, लाट लिपि, पारसी लिपि, हमीरी लिपि, (अमीर या तुर्की सुल्तानो की लिपि), मरहठी लिपि, चौडी (चोल देश की तमिल लिपि), कुंकुणी, कान्हडी, सिंहली, कीरी (कीर या टक्क देश की टक्की लिपि)।

विभाग ६ मे जाति और धन्धों की उपयोगी सूचियाँ हैं। इनमें ३६ पौनि या नेगियों की नामावली भी है जिनका उल्लेख साहित्य मे आता है। अनेक पेशेवर जातियों के नाम रोचक है जैसे दोसी (दूष्य या वस्त्र का व्यवसाय करनेवाले), पारखि (रत्नो की परीक्षा करनेवाले), पटउलिया (पटोला बुननेवाले), भोई (सस्कृत भोगी, हाथियों के अधिकारी), बेगरिया (सस्कृत वैकटिक, रत्न तराश), परीयट (बरहठा या धोबी जिसे देशी नाममाला में परीयट्ट कहा

गया है), सुई (संस्कृत-सौचिक या दर्जी), ताई (संस्कृत त्रायी या आरक्षक, रक्षा करनेवाला पुलिस अधिकारी) इत्यादि। एक सूची में ८४ प्रकार की वणिक जातियों के नाम हैं और दूसरी में ३४ प्रकार के ब्राह्मणों के। राजपूतों के ३६ कुलों की सूची वर्णरत्नाकर के समान यहाँ भी है। यह पुरानी सूची थी। कालान्तर में जब और भी जातियाँ राज्याधिकार सम्पन्न हुईं तब एक दूसरी बड़ी सूची संकलित की गई जिसमें ७२ राजकुलों की गिनती थी। यह सूची भी वर्णरत्नाकर (पृष्ठ ६१) में है। ३६ कुलों की सूची के अन्त में कुली शब्द है, ७२ वाली के अन्त में नहीं। पहले अपने आपको सत् क्षत्रिय (वत्सराजकृत किरातार्जुनीय नाटक), सुक्षत्रिय (श्रीधरदासकृत सदुक्तिकर्णामृत, २६०) या शुद्ध क्षत्रिय (य. कोऽपिवा साहसी लोके यस्यास्ति वा क्षत्रियतावदाता, पृथ्वीराज विजय, ६।२२४) मानते थे। राजतरंगिणी में भी ३६ क्षत्रिय कुलों का उल्लेख आया है (७।१६१७) जिससे ज्ञात होता है कि ३६ कुलों की कोई एक सूची बारहवीं शती से पहले अस्तित्व में आ चुकी थी। इन सूचियों की ऐतिहासिक परख से बहुत से तथ्य हाथ लगेंगे। पृष्ठ १५१ पर साहूकार के कई विरुदों में एक 'छत्रीस वेलाउल विख्यात' भी है जिसका तात्पर्य यह था कि बड़े साहूकारों की कोठियाँ या लेन देन के सूत्र ३६ वेलाउल या समुद्र तटवर्ती पत्तनों के साथ जुड़े रहते थे और उनके साथ उनके हुण्डी-परचे का भुगतान चलता रहता था।

संवत्सर मुद्रा करणहार विरुद भी किसी महत्वपूर्ण तथ्य का व्यंजक है। संभवतः नये वर्ष के आरम्भ में संवत्सर सूचक व्यापार मुद्रा या भाव-ताव का आरम्भ करने का श्रेय रखने वाले शिरोधार्य महाजन के लिये यह विरुद था। इसी प्रकार कड़ाह समुद्र विरुद भी ध्यान देने योग्य है। कटाह-द्वीप के पूर्वी समुद्र या द्वीपान्तर के साथ व्यापार करने का प्राचीन गुप्तकालीन संकेत इसमें बच गया था।

विभाग ७ में देवी देवता आदि का वर्णन है। पृष्ठ १६३ पर श्रेष्ठि के वर्णन में कहा गया है कि उसके यहाँ लक्ष्मी के निधान कलश रहते हैं और लाख धन के सूचक दीप जलते हैं एवं करोड़ की सूचक ध्वजाएँ फहराती हैं। श्रेष्ठिप्रवहणयात्रा के वर्णन में देशान्तर के योग्य भाण्ड या माल को देशान्तरोचित क्रियाणा कहा गया है और कूपदण्ड या मस्तूल के लिये कुआखम शब्द है।

विभाग ८ में जैन धर्म संबंधी वर्णकों का संग्रह है। समवसरण के वर्णन में रत्नमय पीठ, प्राकार, कौशीश, चार प्रतोली द्वार, देव प्रतीहार, सुवर्ण स्तम्भ

मणिमय कुम्भ, रत्नमय तोरण, वन्दनमाला, छत्र, पुतली, मोरमुख, ध्वजा, पीठ, सिंहासन, पादपीठ, आतपत्र छत्र, चॅवर, भामण्डल, धर्मचक्र, देवदुन्दुभि, इन्द्र-ध्वज आदि पारिभाषिक शब्दावली ध्यान देने योग्य है। इसके बाद जिन-वाणी, जिनोपदेश, तपभावना, धर्म माहात्म्य, युगलियो मुखवर्णन, श्रावक आदि के वर्णक है। पृष्ठ २११-२१२ पर ८४ गच्छो के नामो की सूची है और अन्त मे चतुर्दश स्वप्नो के वर्णन है। १४वे स्वप्न मे निर्धूम अग्निशिखा को सदाज्वाला युक्त ऊर्ध्वमुखी धक धक करता हुआ वैश्वानर कहा गया है। सर्वान्त मे लक्ष्मी देवी और उनके पद्मसरोवर मे खिले मुख्य कमल का बहुत ही भव्य वर्णन है।

विभाग ६ मे सामान्य नीतिपरक वर्णको का सग्रह है। यह समस्त प्रकरण अत्यन्त सुपाठ्य और बुद्धि की चतुराई से भरा हुआ है। द्रामड़ का सकेत शेरशाह अकबरकालीन मुद्रा से है (कहाँ द्रम्य या दाम कहाँ रुपया)। पृष्ठ २५६ पर चचल मन के वर्णक मे उपमाओ की लडी पढते हुए चित्त प्रसन्न हो जाता है—चञ्चल मन ऐसा है जैसे हाथी का चञ्चल कान, पीपल का पान, सन्ध्या का वान, या दुहागिन (परित्यक्ता) का मान, मिट्टी का घाट, बादल की छॉह, कापुरुष की बॉह, तृणो की आग, दुर्जन का राग, पानी की तरग और पतंग (लकडी) का रंग। पृष्ठ २५८-५६ पर विशिष्ट पदार्थो के वर्णक मे वस्तुओं का उल्लेख ध्यान देने योग्य है—सोरठी गाय, मरहठी वेसर आबू तणउ देवड़ो (आबू के जैन मन्दिर), पाटण तणा सेवडो (पाटन के श्वेताम्बर यति), वाराणसीउ धूर्त। इसी प्रसंग मे ३६० प्रकार के किरानो को उत्तम और ३६ नाणक को अच्छा कहा गया है। ३६० किरानो की सूची माड-सरा के वर्णक-समुच्चय के परिशिष्ट २ मे सौभाग्य से बच गई है। ३६ नाणक या सिक्को को श्रेष्ठ मानने का कारण संभवत यह था कि ३६ दाम या तॉबे के पैसो का एक चॉदी का रुपया माना जाता था। विशेष पदार्थों मे (२५६–२६०) निम्नलिखित ध्यान देने योग्य हैं —

चतुराई गुजरात की, वामा हिन्दुस्तान का,
चूडा हाथी दॉत का, चौहट्टा की भीड दिल्ली की,

देवल आबू का, रूपा (चॉदी) जावर का इत्यादि। अपने वर्ग मे विशिष्ट पदार्थों का उल्लेख करते हुए वस्त्रों मे नेत्र वस्त्र की प्रशसा की गई है। 'भला क्या' इस सूची में भी अनेक उल्लेख बढ़िया हैं, जैसे—कच्छ की घोडी भली, पाग खॉगी (टेढी) भली, सेज चित्रशाली भली, कोरणी कोरी भली (अर्थात् नकाशी या उकेरी चारों ओर गोल कोरी या उकेरी हुई नकाशी अच्छी समझनी चाहिए।

विभाग १० में मगल, वर्द्धापन, उत्सव, विवाह, भोजन, वस्त्र, अलंकार, धातु-रत्न आदि के वर्णन है। पृष्ठ २८१ पर वर्द्धापनक के अन्तर्गत ही तलिया तोरण का उल्लेख है जो पृष्ठ १६ पर भी आया है। जैसा ऊपर कहा है यह संस्कृत तलक-तोरण का रूप था। पृष्ठ २८२ पर धात्रियों की संख्या पाँच कही गई है। दिव्यावदान आदि बौद्ध संस्कृत ग्रन्थों में अंकधात्री क्षीर-धात्री, क्रीड़ा-धात्री और मल-धात्री ये चार नाम आते है। यहाँ अन्तिम के स्थान पर मज्जन-धात्री और मडन-धात्री नाम आए हैं। बाल-क्रीडा-वर्णन के मुख्य अभिप्राय सूर-सागर के विशद वर्णनों की संक्षिप्त सूची के समान हैं। विवाह समय नामक वर्णक में (पृ० २८३) घड़े सहित घृत मोल लेने का उल्लेख है जो उस युग का स्मरण दिलाता है जब पचास साठ वर्ष पहले तक गाँवों में घी गोल, घड़े आदि मिट्टी के पात्रों में भरकर रक्खा जाता था। घाघरवालि से तात्पर्य बडे और बजने घुँघरुओ की उस माला से है जो घोड़े, खच्चर आदि के गले में डाली जाती थी और जिसे गढवाल मे आज भी घाँघरयालो कहते है। भोजन के प्रसंग में रसोई के चार वर्णक सगृहीत हैं। लगभग २८ पृष्ठो में यह सामग्री अत्यन्त विशद है और इसमें मध्यकालीन साहित्य मे प्रयुक्त भोजन संबंधी शब्दों का एक पूरा भाडार ही मिलेगा। 'जिम महद्भूत गाड़ू तिम लाड्डू' (पृष्ठ २८३) उल्लेख ध्यान देने योग्य है। गाड़ू का अर्थ गडुवा या लोटा है जिसे यहाँ बडे लड्डू का उपमान कहा गया है। विद्यापति की कीर्तिलता में भी गाड़ू शब्द आया है (खणयक चुप भै रहइ गारि गाड़ू दे तबहीं, द्वितीय पल्लव, अर्थात् तुर्क के मुँह मे जब निवाला अटक जाता है तब वह गडुवे से पानी मुँह में उँडेल लेता है)। महद्भूत या महाअद्भुत गाड़ू सम्भवतः उस प्रकार के लोटे को कहते थे जिसके पिटार पर दस अवतारों का अकन किया जाता था। सम्भवतः यहाँ उन बड़े लड्डूओ का प्रसंग है जिन्हें मगद के लड्डू कहते है। पक्वानों में खाजा नामक मिठाई की उपमा महल के छज्जे से दी गई है (पृष्ठ २८३, २८६)। इस मिठाई का चलन अब बन्द हो गया है किन्तु ज्ञात होता है कि मध्य युग में फूले हुए बहुत बडे सतपुडे खाजे बनाए जाते थे। वस्तुत इस प्रकरण में अनेक प्रकार के लड्डू, माँडे, फल, मेवा, चावल, मसाले, मिठाई आदि के नाम हैं जिनकी व्याख्या के लिये पूरे शोध-निबन्ध की आवश्यकता होगी। वर्ण-रत्नाकर और वर्णक-समुच्चय की सामग्री के साथ तुलना करने से इन नामो पर प्रकाश पड़ने की सम्भावना है। इन शब्दो में अपभ्रंश युग की भाषा की परम्परा भी ध्यान देने योग्य है, जैसे पारिहेटि महिसिं तणउ दूधु (पृष्ठ २८४) इस वाक्य मे पारिहेटि बाखड़ी भैंस की संज्ञा थी जिसे हेमचन्द्र ने देशीनाममाला मे परिहट्टी कहा है (देशी०

६।७२)। पृष्ठ २०३ पर लड्डुओ के दो वर्णक है और पृष्ठ ३०४ पर सूॅखडी या मिठाई के तीन वर्णकों में अनेक नाम भाषा के इतिहास की दृष्टि से रोचक हैं, जैसे इमरती के लिये पुराना नाम मुरकी था जो दो वर्णको में पढा है और पद्मावत में भी प्रयुक्त हुआ है। भारतीय भोजन और पकवानों का इतिहास अभी नहीं लिखा गया यद्यपि वैदिक युग से लेकर आज तक की तत्सम्बन्धी सामग्री बहुत अधिक है। उदाहरण के लिये इन सूचियो में बरसोला शब्द कईबार आया है। यह एक प्रकार का खॉड का लड्डू होता था जो पानी में डालते ही गल जाता था। नैषधचरित में इसे वर्षोपल कहा है। अब इसका चलन कम हो गया है। पृष्ठ २१० पर फल-मेवो की सूची में भी बिजोरा के साथ बरसोला नाम आया है। इससे ज्ञात होता है कि मिठाई के अतिरिक्त नीबू की तरह के किसी फल के लिये भी यह शब्द प्रयुक्त होने लगा था। सुगन्धित वस्तुओ की सूची मे मोगरेल, चॉपेल, जाचेल, केवडेल, करणेल, इन पाँचों शब्दों का अन्त का 'एल' प्रत्यय तैल-वाचक है। ये शब्द मोगरा चम्पा, जाही, केवडा और करना (एक प्रकार का श्वेत पुष्प) नामक फूलों से सुवासित तेलों के नाम थे।

पृ० ३११-३१४ पर वस्त्रो के पॉच वर्णक अत्यन्त रोचक हैं। इनमें पॉचवी सूची में लगभग १४० वस्त्रों के नाम हैं जो ऊपर उल्लिखित वर्णकसमुच्चय की सूची के समान महत्त्वपूर्ण हैं। इन सूचियों में भैरव शब्द कई बार आया है जो आईन-अकबरी के अनुसार एक वस्त्र का नाम था। बीसलदेव रासो में भैरव की चोली का वर्णन है, जो आइन से लगभग २०० वर्ष पुराना उल्लेख होना चाहिए। मसज्जर अरबी मुशज्जर का रूप है जिस पर शजर या पेड-पौधों की बूटियॉ बनी रहती थी। पोपटिया, जैसा नाम से प्रकट है, तोते की बूटी से छपे वस्त्र को कहते थे। नारी कुजर वस्त्र का नाम भी नारी कुंजर भॉति की छपाई के कारण ही पडा था। कमलवन्ना (कमल के रंग का), मूॅगवन्ना (मूॅगिया रंग का), गंगाजल, चक्रवटा (चक्र की छाप से छपा हुआ), सेत्रुंजी (शत्रुंजय, सौराष्ट्र का बना हुआ), पाम्हड़ी (सं० पद्मपटी, कमल बूटी से छपा हुआ), हसवेडि (हंसपटी), गजवेडि (गजपटी), प्रवालिआ (मूॅगिया लाल रग का वस्त्र), कोची (कोच बिहार का बना हुआ), गौडीया (गौड, बंगाल के वस्त्र सभवतः जिन्हे जायसी ने पंडुआ के बने पंडुवाए वस्त्र कहा है), सुनारगामी कपूरधूली, लोवड़ी (सं० लोमपटी) पट्टकूल, मेघाडम्बर, खीरोदक, पैठाणी (पैठण या प्रतिष्ठान का बना हुआ) आदि नाम संस्कृत प्राकृत परम्परा के हैं जो मध्यकालीन संस्कृति में सुविदित रहे होंगे। आगे चलकर

महमूदी, सिरीबाफ, जरबाफ, तानबाफ, कमखाब, सूसी आदि मुसल्मानी युग के नाम भी पुरानी सूचियों में जुड़ते रहे जैसा वर्णरत्नाकर, वर्णकसमुच्चय और सभाशृंगार में पाया जाता है। इनमें कई नामों की अब ठीक पहचान ज्ञात नहीं है।

इस ग्रन्थ के परिशिष्ट रूप में जो रत्नकोष और राजनीतिनिरूपण नामक दो संस्कृत ग्रन्थ मुद्रित किये गए हैं उनमें भी मध्यकालीन जीवन की बहुविध सामग्री का उल्लेख आया है। हमें प्रसन्नता है कि ग्रन्थ की उपादेयता बढ़ाने के लिये श्री नाहटा जी ने उन्हें इस संग्रह में संकलित कर लिया है क्योंकि जितनी भी इस प्रकार की बिखरी हुई सामग्री प्रकाश में लाई जा सके स्वागत के योग्य है।

इस प्रकार इस विशिष्ट वर्णन सग्रह का कुछ संक्षिप्त परिचय यहाँ दिया गया है। तुलनात्मक अध्ययन की दृष्टि से इसकी विशेष छानबीन की आवश्यकता है। हिन्दी साहित्य में यह एक नया क्षेत्र है। प्रयत्न करने पर इस प्रकार के और भी ग्रन्थ मिलने की संभावना है। हम श्री नाहटा जी के अनुगृहीत हैं कि उन्होंने परिश्रम पूर्वक इस प्रकार के उपयोगी साहित्य की रक्षा की।

काशी विश्वविद्यालय
६-४-१९५९

वासुदेवशरण अग्रवाल

प्रस्तावना

विश्व अनंत वस्तुओं का भंडार है जहाँ प्रतिपल अनेक प्रसग बनते रहते हैं। उन वस्तुओं और घटनाओं को हम सभी देखते एवं जानते हैं पर उनका ठीक से वर्णन करना विरले ही व्यक्तियों के लिये संभव है। इसीलिये कहा गया है—'कहिबो सुनिबो देखिबो, चतुरन को कछु और'।

वस्तुओं और प्रसंगो को वर्णन करने की एक कला है। किसी बात का वर्णन करते समय उसका तादृश चित्र ला खड़ा कर देना तो बड़े महत्व की बात है ही पर उसे सुंदर शब्दों में दृष्टांतों और उपमाओं के साथ वर्णन करना यह उससे भी अधिक महत्व की बात है। भारतवर्ष में प्राचीन काल से वर्णनकला की परंपरा पाई जाती है। प्राचीन जैन आगमों से तो यह भली भाँति सिद्ध है। वैसे तो सभी आगमों में जब भी नगर, राजा, वनखड, उद्यान, चैत्य आदि का प्रसंग आया है, वहाँ उनका बड़े सुदर ढंग से वर्णन किया गया है। पर उववाइ (ओपपातिक) नामक उपांग सूत्र में तो वर्णनो का संग्रह विशेष रूप से पाया जाता हैं और अन्य आगमा में नगर, राजा आदि का वर्णन—'उववाइ सूत्र के जैसा जान लेना या कहना' इस प्रकार का मिलता है। इन वर्णनों में सांस्कृतिक सामग्री प्रचुर रूप से संगृहीत है जिसके संबंध में मैने एक स्वतंत्र निबंध में दिशानिर्देश किया है और पटना से प्रकाशित 'साहित्य' नामक पत्र में 'जैन आगमों की वर्णन शैली' का संक्षिप्त परिचय भी प्रकाशित किया गया था।

वर्णनसंग्रह के दो महत्वपूर्ण ग्रंथ—जैन आगमों की वह परंपरा परवर्ती साहित्य में भी पाई जाती है। संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश काव्यों और कुछ गद्यग्रंथों में भी कवियों एवं विद्वानों ने विविध प्रसंगों में नगर, राजा रानी, ऋतु आदि का वर्णन किया है। प्राचीन राजस्थानी और गुजराती में वह परंपरा और भी विकसित रूप में पाई जाती है। मैथिली और महाराष्ट्री भाषा के भी 'वर्णरत्नाकर' एवं 'वैजनाथ कलानिधि' इस परंपरा की व्यापकता को सूचित करते हैं। इनमें से वर्णरत्नाकर को तो काफी प्रसिद्धि मिल चुकी है पर 'वैजनाथ कलानिधि' का विवरण अब से २३ वर्ष पूर्व पत्तनस्थ प्राच्य

जैन भंडागारीय ग्रंथसूची के पृष्ठ ७४ से ७६ में प्रकाशित होने पर भी इस महत्वपूर्ण ग्रंथ की ओर अभी तक विद्वानों का ध्यान नहीं गया। इस ग्रंथ की ११५ पत्रों की एक प्रति संघवी पाड़े के जैन भंडार में है। ग्रंथ अभी तक अप्रकाशित होने से इसका थोडा सा अंश पाटण भंडार सूची से यहाँ उद्धृत किया जा रहा है—

आतां नगरवर्णन

आटालिया, उपरीया, मालीया, गजद्वारें, राजद्वारें, एडकीद्वारें, दाइलवाडे, चौकिया, मनोरम विलासपुरें।

प्रसिद्ध सिद्धांचे निवेश

बौद्धांचे विहारा, जिनांचीं जिनालयां, कनकशाला, टंकशाला, सोमशाला, अध्ययनशाला, गीतनृत्य वाद्यशाला, लेखशाला, चित्रशाला, धर्मशाला, सत्रशाला, हस्तिशाला, मल्लशाला।

अनेक मठ मढिया

'कलआडें नडें चौकीया धवलहारें वसुआरें सालवधें कोचनि बद्धें कोठारें, कोटिआ, कडी, वोडो डी, [क] लहस, दुआले आवासणियां। रिपणहारी, उधूनपताकासहस्र (स) प्रकटिते, उत्तंगगिरि शिखरसंकासें देवतायतनें, चतुष्पथे २ विचित्र चित्रित सभा मंडप। स्वर्णकलशालंप्रासादसहस्र (स्रु)। जैसे—गगन सरोवर कनककमलमुकुलीं अलंकृत, मयूर, पारावत, चकोर, राजहंस। तेयां चित्रां प्रासादांवरि इतश्चेतश्च संचरतेति आकाशसरोवरीं जलविहंगमां ब्राह्मणभवनीं ऋचां यत्तं सामाचे उद्‌घोप सायंप्रातरग्निहोत्र हवने मंगलप्रकासक होमधूम। सुरभिपरिमलालंकृत श्रीमंत भवनीं वहकले अगरुधूम। क्रय-विक्रय व्यवहारीं, ससम्भ्रम हट्टशाला प्रदेश। ठाईं ठाईं सतीसां दंडायुधां वे सरांवाचे या गरुडी। तांडवलास्यभेदें। भावकां नटांसि पात्र परिपाठ वाची अभ्यासस्थानें। गोववते आंगसरादीविग्रसाला। घट-प्रासादसाधकां देसी मार्गसाधनें। तत वितत घन सुखिर वाद्य वादकां सरावांचीं एकांतस्थानें परमप्रबोधा नंदनिर्भरां मुनीं वेद्याख्यान मठ राउलि वांसिह वारीं डावियें ऊजिवांये भुजे तीं तीं भूमींचीं भूविलासिणींचीं धवलहारें।' इसके वाद सभा आदि के वर्णन हैं।

वर्णन प्रकार—वर्णन करने की प्रणाली में मुख्यतया दो बातों की ओर हमारा ध्यान जाता है अर्थात् प्रधानतया वर्णनों को दो प्रकारों में विभाजित

कर सकते हैं (१) भेद प्रभेदों एवं नामावलियों का विस्तार (२) वस्तु और घटना का छटाकार अलंकृत शैली में चित्रण। इसमें तुकांत प्रासयुक्त गद्य की प्रधानता इसकी रोचकता में चार चाँद लगा देती है। छंद के बंधन से मुक्त होने पर भी तुकांत और प्रासयुक्त वर्णन शैली बहुत ही मनोहर एवं आकर्षक है। प्रस्तुत संग्रह में उपरोक्त दोनों प्रकार के वर्णन पाठकों को देखने को मिलेंगे।

दो अन्य राजस्थानी वर्णनसंग्रह ग्रंथ—इस ग्रंथ में संगृहीत सभी वर्णन जैन विद्वानों के लिखे हुए हैं पर जैनेतर लेखकों ने भी ऐसी कुछ रचनाएँ की हैं जिनमें से दो राजस्थानी रचनाएँ 'खीची गगेव नीबावतरो रो दो-पहरो और राजान राउतरो बात बणाव' मेरे विद्वान् मित्र श्री नरोत्तमदास जी स्वामी संपादित राजस्थान पुरातत्वोन्वेषण, प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर से राजस्थानी साहित्यसंग्रह भाग १ में प्रकाशित हो चुकी हैं। ये दोनों ही रचनाएँ किसी चारण विद्वान् की लिखी हुई प्रतीत होती हैं। इनमें प्राप्त होनेवाले वर्णन बहुत ही सुंदर और सांस्कृतिक दृष्टि से बडे ही महत्वपूर्ण हैं। बात बणाव का अर्थ है कि बात किस तरह बनाली अर्थात् कहनी व लिखनी चाहिए। राजस्थान में हजारों बातें (वार्ताएँ, कथा कहानियाँ) बडे चाव से कही सुनी जाती रही हैं। बातों को अच्छे ढग से छटादार शैली में कहनेवाले व्यक्तियों को राजाओं ठाकुरों आदि के यहाँ बड़ा संमान तो मिलता ही था पर जनसाधारण में भी उनका बडा आदर था। यद्यपि सैकड़ों राजस्थानी बातें लिखित रूप में भी मिलती हैं पर मौखिक रूप से कहने का ढग बड़ा ही अनोखा और निराला होता है जो कि लिखित रूप में प्रायः नहीं पाया जाता। फिर भी कई बातों में कई प्रसंग बड़े सुंदर रूप से लिखे हुए मिलते हैं।

वर्णकों के प्रति आकर्षण—वर्णकों के प्रति मेरा आकर्षण बाल्यकाल से है जब मैं ८-१० वर्ष का था तो पर्युषणों में कल्पसूत्र सुनने के लिये पिताजी आदि के साथ व्याख्यान में जाया करता था। कल्पसूत्र की लक्ष्मी-वल्लभी टीका कल्पद्रुम कलिका में कई जगह राजस्थानी भाषा के सुदर वर्णक हैं जिन्हें सुनकर मुझे बड़ा आनद मिलता था। टीकाकार लक्ष्मी-वल्लभ ने ऐसे वर्णकों को 'वागविलास' ग्रंथ से उद्धृत करने की सूचना दी है अतः उस वागविलास ग्रथ को प्राप्त करने की बड़ी उत्कंठा हो आई पर कई वर्षों तक उसका कोई अनुसधान नहीं मिल सका।

अब से करीब ३० वर्ष पूर्व बड़ौदा ओरियंटल सिरीज में प्रकाशित 'प्राचीन गुर्जर काव्यसंग्रह' और मुनि जिनविजय जी संपादित 'प्राचीन गुजराती गद्यसंदर्भ' में संवत् १४७८ में माणिक्यचंद्रसूरि रचित 'पृथ्वी चंद्र चरित्र' अपर नाम 'वागविलास' नामक ग्रंथ देखने को मिला तो बड़ी प्रसन्नता हुई। पर इस ग्रंथ में लक्ष्मीवल्लभगणि ने 'वागविलास' के जो वर्णन कल्पसूत्र की टीका में दिए हैं वे प्राप्त नहीं हुए, इसलिये टीका में उल्लिखित 'वागविलास' नामक रचना और कोई होनी चाहिये इस धारणा के साथ उसकी शोध में लगा रहा।

संग्रह का प्रयत्न—महाकवि समयसुंदर की रचनाओं के अनुसंधान के प्रसंग से जब बीकानेर के हस्तलिखित जैन ज्ञानभंडारों की प्रतियों का अवलोकन शुरू किया तो सर्वप्रथम 'कुतूहलम्' नामक एक छोटी सी सुंदर वर्णनोंवाली रचना मिली। उसके बाद संवत् १७६२ की लिखी हुई 'सभा-शृंगार' (नंबर २) की एक प्रति प्राप्त हुई। इन दोनों की नकलें करवा के रख ली गईं। तदनंतर सन् १९५० में जैसलमेर की द्वितीय यात्रा में १६ वीं शताब्दी की लिखी हुई एक अपूर्ण प्रति बड़े उपाश्रय के यति लक्ष्मीचंद जी के पास देखने को मिली। अपूर्ण होने से इस रचना का कोई नाम ज्ञात नहीं हुआ। पर पत्रों के प्रत्येक उपांत में 'मुत्कलानुप्रयास' नाम लिखा हुआ था। प्राप्त ८ पत्रों में १०८ वर्णन प्राप्त हुए पर बहुत खोज करने पर भी इसकी पूरी प्रति प्राप्त नहीं हुई।

जैसलमेर से बीकानेर लौटते समय मुनि पुण्यविजय जी के पास जैसलमेर पधारे हुए डा० भोगीलाल सांडेसरा और डा० जितेंद्र जेतली से सर्वप्रथम मिलना हुआ तो उन्हें अनुरोध करके बीकानेर साथ ले आया। प्रसंग-वश डा० सांडेसरा से यह ज्ञात हुआ कि उनके पास भी वर्णनों की एक विशिष्ट प्रति है। तो मैंने उनसे वह प्रति भी मंगवा ली। ४० पत्रों की वह महत्वपूर्ण प्रति भी अपूर्ण थी। सन् १९५१ के मार्च में ही मैंने उसकी प्रतिलिपि करवा ली। उसके बाद जोधपुर जाने पर वहाँ के केसरियानाथ जी के भंडार में सभाशृंगार (नंबर १) के १८ पत्रों की एक अपूर्ण प्रति प्राप्त हुई इसमें १५८ वर्णन थे। इन सब प्रतियों व रचनाओं के आधार से 'राजस्थान भारती' में 'कतिपय वर्णनात्मक राजस्थानी गद्य ग्रंथ' नामक लेख प्रकाशित किया। जिसमें उपरोक्त रचनाओं के कुछ चुने हुए वर्णन प्रकाशित किये गए। माननीय वासुदेवशरण जी अग्रवाल को उपरोक्त रचनाओं की

प्रतिलिपियाँ देखने को भेजी तो आपने इन्हें महत्वपूर्ण समझकर संपादित कर देने को लिखा। नागरीप्रचारिणी सभा की ओर से इस ग्रंथ के प्रकाशन में भी अग्रवाल जी का मुख्य हाथ रहा है।

इसी बीच बीकानेर के खरतर आचार्य गच्छ के ज्ञानभंडार से कुशलधीर रचित सभा कौतूहल की ६ पत्रों की एक अपूर्ण प्रति प्राप्त हुई। आगरे जाने पर विजयधर्मसूरि ज्ञानमंदिर से सभाशृंगार (नंबर १) जो पहले अपूर्ण मिला था उसकी संवत् १६७१ की लिखी हुई पूरी प्रति मिली और पाटोदी दिगंबर मंदिर, जयपुर से भी उसकी एक प्रति प्राप्त हो गई। इस तरह वह रचना तो पूरी की जा सकी। सौजन्यमूर्ति आगमप्रभाकर मुनिवर्य पुण्यविजय जी को लिखने पर उन्होंने पाटण भंडार से 'सभाशृंगार (नंबर २) की ६ पत्रों की प्रति संवत् १६७७ की लिखी भिजवा दी। जयपुर जाने पर मुनि जिन-विजय जी के संग्रह में खरतर गच्छीय कविवर सूरचंद्र रचित 'पदैक विंशति' नामक महत्वपूर्ण अज्ञात ग्रंथ की ९८ पत्रों की अपूर्ण प्रति अवलोकन में आई तो उसे भी साथ ले आया। मूल ग्रंथ संस्कृत में है पर उसमें प्रसंग प्रसंग पर राजस्थानी के गद्यवर्णन स्वर्ण आभूषण में जड़ाव की तरह सुनियोजित हैं। अतः उन सब वर्णनों को अलग से छाँटकर लिखवा लिया गया। उसके बाद मुनि पुण्यविजय जी और जयपुर के दिगंबर भंडार तथा विनयसागर जी के संग्रह की प्रतियाँ प्राप्त होती गईं और कुछ अपने संग्रह की प्रतियों का भी उपयोग किया। चित्तौड़ जाने पर यति बालचंद्र जी के संग्रह से १ पत्र में लिखा हुआ सभाशृंगार ले आया। भारतीय विद्या भवन से जिनविजय जी के संग्रह के सभाशृंगार की प्रति मँगवाई। बड़ौदा, पूना आदि से भी प्रतियाँ मँगवाई गईं। इस तरह २५-३० प्रतियों को प्राप्त करके इस ग्रंथ को तैयार किया गया है।

आवश्यक स्पष्टीकरण—यहाँ यह भी बतला देना आवश्यक है कि जब मैं इस ग्रंथ की तैयारी में लगा हुआ था तो डा० भोगीलाल जी सांडेसरा से सूचना मिली कि वे भी एक 'वर्णक समुच्चय' ग्रंथ तैयार करने का प्रयत्न कर रहे हैं, इसलिये उनके संग्रह की जो प्रति मँगवाई थी उसका उपयोग मैं अपने ग्रंथ में नहीं करूँ। अतः उस प्रति के वर्णनों का इस ग्रंथ में उपयोग नहीं किया गया। यद्यपि उसके बहुत से वर्णन सभाशृंगार आदि अन्य संग्रहों में प्राप्त होने से मेरे इस ग्रंथ में भी आ चुके हैं पर कुछ वर्णन ऐसे भी रह जाते हैं जो सांडेसरा जी की प्रति में ही थे, अन्य प्रतियों

में नहीं। सांडेसरा जी का वह वर्णक समुच्चय ग्रंथ महाराजा सयाजी राव विश्वविद्यालय, बड़ौदा से प्रकाशित हो चुका है। उसमें प्रकाशित सभा-श्रृंगार तो मुझे प्राप्त सभाश्रृंगार (नंबर १) ही है। अतः 'वर्णक समुच्चय' के प्रथम भाग में सांडेसरा जी की प्राप्त प्रति में पत्रांक २ न मिलने से पाठ त्रुटित रह गया था, उसको मैंने उन्हें भेजकर वर्णक समुच्चय भाग २ में प्रकाशित करवा दिया है। इस दूसरे भाग में प्रथम भाग के वर्णकों का सांस्कृतिक अध्ययन और शब्दसूचियाँ प्रकाशित की गई हैं जो बहुत महत्वपूर्ण है।

अपूर्ण प्रतियाँ—काफी खोज करने पर भी सभा कुतूहल, पदैक विंशति, मुत्कलानुप्रयास की पूरी प्रतियाँ कहीं से भी पूरी नहीं हो सकीं और न रुक्मणीवल्लभी टीका में उल्लिखित 'वागविलास' ग्रंथ ही अभी तक प्राप्त हुआ। इसलिये उसके अनुसंधान एवं प्रकाशन का कार्य अब भी बाकी रह जाता है।

सभाश्रृंगार नामक संस्कृत ग्रंथ—संस्कृत में भी सभाश्रृंगार नामक एक पद्यबद्ध ग्रंथ प्राप्त हुआ है जो अंचलगच्छ के कल्याणसागरसूरि के शिष्य द्वारा रचित है। इस ग्रथ की ४ प्रतियाँ देखने को मिली है। जिनमें से नित्यमणि जीवन लायब्रेरी, कलकत्ता की प्रति की नकल परिशिष्ट में देने को भेज दी गई थी, पर जब तक वह अन्यत्र प्रकाशित हो गई । राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान जोधपुर (पुरातत्वान्वेषण मंदिर) और बड़ौदे आदि के जैन भंडारों की प्रतियों का भी उपयोग नहीं किया जा सका। 'सभा तरंग' नामक एक संस्कृत पद्यबद्ध ग्रंथ की एक प्रति आमेर भंडार से मँगवाई गई थी और भंडारकर ओरियंटल इंस्टीट्यूट पूना में भी इसी नाम वाले ग्रंथ की २ प्रतियाँ है पर उनका उपयोग इस ग्रंथ में करना आवश्यक नहीं प्रतीत हुआ क्योंकि उनकी वर्णनशैली भिन्न प्रकार की है।

जैनेतर संस्कृत रचनाओं में गीर्वाण पद मंजरी और गीर्वाण वाणमंजरी क्रमशः वरद भट्ट और ढुंढिराज के रचित; वर्णक पद्धति की उल्लेखनीय रचनाएँ हैं। इनमें से एक की प्रति हमारे संग्रह में भी है। ये दोनों रचनाएँ डा० उमाकांत शाह द्वारा संपादित होकर जर्नल ऑफ ओरियंटल इंस्टीट्यूट भाग ७ नंबर ४ (जून १९५८) के अंक में प्रकाशित हो चुकी हैं।

परिशिष्ट—परिशिष्ट नंबर १ और २ में दो और महत्वपूर्ण रचनाएँ दी गई हैं जिनमें से प्रथम 'रत्नकोष'नामक ग्रंथ तो बहुत ही प्रसिद्ध रहा है।

उसकी हमारे संग्रह और बड़े ज्ञानभंडार की प्रति से पहले प्रेस कापी तैयार की गई पर उसके बाद अनूप संस्कृत लायब्रेरी की ४ प्रतियाँ और मँगाकर देखी तो उनमें काफी पाठभेद मिला। पर उन सब पाठभेदों का देना संभव न होने से केवल उनमें जो विशेष वस्तु प्रकारों के नाम मिले हैं उन्हीं की सूची दे दी गई है। परिशिष्ट नंबर २ में राजनीति निरूपण नामक संस्कृत ग्रंथ दिया गया है। वह मुगलकालीन शब्दों एवं संस्कृत पर महत्वपूर्ण प्रकाश डालता है। इस रचना की एक मात्र प्रति जैन भवन, कलकत्ते की लायब्रेरी से मिली है। परिशिष्ट की सामग्री प्रतिपरिचय छपने के बाद तैयार की गई इसलिये उसमें इन रचनाओं की प्रतियों का परिचय नही दिया गया है।

उपयोग—वर्णकों का उपयोग ग्रंथो में किस प्रकार किया जाता हैं इसका सुंदर उदाहरण 'पृथ्वीचंद चरित्र' और 'पदैक विंशति' ग्रंथ हैं। एक ही वर्णन को, भिन्न भिन्न लेखकों ने कुछ घटा बढ़ा कर भी लिखा है। कुशल धीर ने पुराने वर्णनो में किस तरह अपनी ओर से कुछ मिलाकर परिवर्धन किया है इसकी कुछ सूचना इस ग्रंथ में प्रकाशित 'सभा कुतूहल' के वर्णनों से पाठकों को मिल जायगी। फुटकर पत्रों में भी ऐसे वर्णन लिखे मिलते हैं। जिनमें प्रकाशित वर्णकों से कुछ भिन्नता है, पर उन सब वर्णनों के उपयोग से यह ग्रंथ काफी बड़ा हो जाता है।

[1]नवीन उपलब्ध ग्रंथ—अभी अभी मेरे भ्रातृपुत्र भँवरलाल को 'आभाणक रत्नाकर' नामक ग्रंथ का प्रथम खंड प्राप्त हुआ जिसमें बहुत सी कहावतों के साथ कुछ ऐसे वर्णनों का भी प्रारंभ में संग्रह किया गया है। इससे मालूम होता है कि वर्णकसंग्रहों का व्यापक प्रचार था और ऐसे अनेक संग्रह समय समय पर तैयार होते रहे हैं। खोज करने पर और भी ऐसी मूल्यवान सामग्री अवश्य मिलेगी। सभाशृंगार की तो अनेक प्रतियाँ प्राप्त हुई हैं।

वर्णनसंग्रहों के नाम—वर्णन करने की प्रतिभा प्रत्येक व्यक्ति में समान रूप से पाई जाना संभव नहीं इसलिये कुछ प्रतिभासंपन्न व्यक्तियों ने वर्णनों के संग्रहग्रंथ तैयार कर दिए, जिनको अन्य लोगों ने अपनी रचनाओं में यथाप्रसंग स्थान दिया। ऐसे वर्णनसंग्रहों का नाम सभाशृंगार, वागविलास, वर्णना सार, सभा कौतूहल, आदि रखे गए।

---

१. दे० मरुभारती वर्ष ८।

प्रस्तुत ग्रंथ का संपादन—इनमें से जितने ऐसे ग्रंथ राजस्थानी गद्य में प्राप्त हुए उनकी प्रतियों को कई ज्ञानभंडारों से मँगवाकर विषय वार वर्गीकरण करके इस ग्रंथ में दिया गया है। पहले ऐसी रचनाओं को मूल रूप में अलग अलग प्रकाशित करने के लिये उनकी प्रतिलिपियाँ की गईं पर बहुत से वर्णन एक दूसरी रचना में समान रूप से मिलते थे इसलिये उस रूप में प्रकाशित करने से बहुत अधिक पुनरावृत्ति होती। अतः पुनरावृत्ति न होने और उपयोगिता को बढ़ाने के लिये प्रत्येक वर्णन को अलग अलग लिखवाया गया फिर समान वर्णनवालों का पाठ मिलान कर पाठभेद लिखा गया और उन्हें क्रमबद्ध करके १० भागों में विभाजित किया गया। इस कार्य में कई महीनों तक कठिन परिश्रम करना पड़ा। इसलिये ग्रंथ को तैयार करने में अधिक समय लग गया और फिर मुद्रण में भी देर होती रही। फिर भी पाठकों के समक्ष इस रूप में रखते हुए, किंचित् संतोष का अनुभव होता है।

आभार—इस कार्य में श्री भँवरलाल नाहटा, ताराचंदजी सेठिया, नरोत्तमदास जी स्वामी और श्री बदरी प्रसाद जी साकरिया से बड़ी सहायता मिली है। श्री वासुदेवशरण जी अग्रवाल ने भूमिका लिखकर मुझे बहुत उपकृत किया है। श्री चन्द्रसेन जी सोरल ने इसके साहित्यिक सौंदर्य पर लिखा है। ना० प्र० सभा काशी ने इसे प्रकाशित किया है। एतदर्थ सभी सहयोगियों का मैं हृदय से आभारी हूँ।

अगरचंद नाहटा

———

सभा शृंगार का साहित्यिक सौंदर्य

वर्णकसाहित्य में विभिन्न वस्तुओं के वर्णन का संग्रह होता है। इसी प्रकार का एक संग्रह 'सभा शृंगार' है जिसे 'वर्णन संग्रह' भी कहा गया है। यद्यपि डा० साडेसरा ने भी अपने ग्रंथ में सभा शृंगार का समावेश किया है[1] पर वह वर्णन एक ही संग्रह का है और अधूरा है जिसका त्रुटित अंश उन्होंने बाद में प्रकाशित किया है।[2] वह आकार मे भी छोटा है। प्रस्तुत 'सभा शृंगार' को श्री अगरचद जी नाहटा ने अलग अलग ५ 'सभा शृंगार' के वर्णनों की कई प्रतियो के आधार पर संकलित किया है। इन पॉचों का तथा विभिन्न प्रतियों का परिचय ग्रंथ के अंत में दे दिया गया है।[3] डा० साडेसरा ने 'वर्णक समुच्चय' (भाग १) नामक ग्रंथ में जो वर्णक संग्रह दिया है वह महत्वपूर्ण है पर नाहटा जी के 'सभा शृगार' की विशेषता यह है कि उन्होने सभा शृगार के पाँचो संग्रहों को ज्यों का त्यों नहीं छापा है बल्कि उन्होंने समान विषयों को अलग अलग करके एक जगह प्रकाशित किया है। साथ ही डा० साडेसरा द्वारा प्रकाशित 'सभा शृंगार' के अंश को उन्होने छोड़ दिया है।

'सभा शृंगार' निम्नलिखित १० विभागो में विभाजित है—

१. देश, नगर, वन, पशु-पत्ती, जलाशय

२. राजा, राजपरिवार, राजसभा, सेना, युद्ध

३. स्त्री-पुरुष वर्णन

४. प्रकृति वर्णन [प्रभात, संध्या, ऋतु आदि]

५. कलाएँ और विद्याएँ

---

१. डा० भोगीलाल ज० सांडेसरा, वर्णक समुच्चय, भाग १, पृ० १०५–१५६

२. डा० भोगीलाल ज० सांडेसरा, वर्णक समुच्चय, भाग २, पृ० १२०–१२३

३. श्री अगरचंद नाहटा—सभा शृंगार, परिशिष्ट २; पृ० १–४

६. जातियां और धंधे
७. देव, वेताल आदि
८. जैन धर्म संबंधी
९. सामान्य नीति वर्णन
१०. भोजनादि वर्णन

वर्णकसाहित्य में वस्तुओं के विभिन्न नामरूपों का वर्णन होता है। इस प्रकार का वर्णन लेखक के ज्ञानभंडार की तो सूचना देता ही है, साथ ही पाठक या श्रोता भी उससे अपने ज्ञान की वृद्धि कर लेता है। इन वर्णनों के द्वारा पाठक के समक्ष एक चित्र उपस्थित हो जाता है और वह वर्ण्य विषय को सरलता से ग्रहण कर लेता है। इस प्रकार का परिनिष्ठित और रूढ़िगत रूप हमारे मस्तिष्क की बौद्धिक चेतना को तो उद्बुद्ध करता है पर वह हमारे हृदय की मार्मिकता को सजग करने में अधिकांशतः असमर्थ रहता है। पर वर्णकसाहित्य के सभी लेखक समान नहीं होते। उनमें से कुछ कविहृदय होते हैं और उचित प्रसंग पाकर उनका अंतर भावुकता के साथ विषय का चित्रण करने लगता है। 'सभा शृंगार' भी इसका अपवाद नहीं। इसमें अधिकांशतः वस्तुओं के नामरूपों का ही वर्णन है पर कहीं कहीं काव्यछटा के भी दर्शन होते हैं।

साहित्यिक दृष्टि से सभा शृंगार का 'युद्धवर्णन' उत्कृष्ट है। इसमें स्वाभाविकता के साथ साथ रसमग्न करने की शक्ति है। यह वर्णन या तो लेखकों ने पूर्व ग्रंथों के आधार पर किया होगा अथवा यह भी संभव है कि उनमें से किसी की व्यक्तिगत अनुभूति इसमें अभिव्यक्त हुई हो। ग्रंथ में ७ युद्धवर्णन हैं। इनमें परस्पर कुछ न कुछ समानता होते हुए भी भिन्नता है। प्रथम युद्धवर्णन के आरंभ में दोनो दलों की सेना के मिलने पर जो दृश्य उपस्थित हुआ उसका चित्रण किया गया है। जब दोनों ओर की सेनाएँ भिड़ गईं तो चारों ओर रेत ही रेत छा गई। उससे अंधकार हो गया और वातावरण की धूमिलता के कारण अपने पराये का भी ज्ञान न रहा। इसके बाद युद्ध का वर्णन किया गया है। कहीं कहीं आरंभ मे युद्ध के वाद्य बजने और वीरों के सजने का वर्णन है यथा चतुर्थ युद्धवर्णन में—

वीर मादल वाज्या, सूर साज्या।
जय ढक्क वाजी, नीसत नीकली गया ताजी।
त्रंबक त्रहत्रहायइ, नेजा लहलहायइ।

कहीं कहीं युद्ध में भाटों द्वारा वीरों को उत्साहित करने का भी वर्णन है। द्वितीय युद्धवर्णन सबसे विस्तृत है और उसमें संघर्ष का जो चित्रण है वह काल्पनिक प्रतीत नहीं होता। ऐसा प्रतीत होता है कि मृत्यु के ताण्डव-नृत्य को अपने सामने देखकर ही लेखक ने लेखनी उठाई हो। सेना के व्यूह बनाकर खड़े होने के बाद युद्ध के बाजे बजे और रण आरंभ हुआ। धनुष से निकलकर तीर मस्तकों से जा टकराए। खाँडे ऐसे चल रहे थे मानो वर्षा की झड़ी लगी हुई हो। वीर एक दूसरे को काटने लगे। कई वीर सिर कट कर गिर जाने पर भी लड़ते रहे। कइयों की तलवारें टूट गईं। कायर लोग भागने लगे। इस प्रकार के युद्ध को देखकर वीर युद्धोन्माद से भर गए पर कायर काँपने लगे—

भाजेवा लागा धनुर्दंड।
जाएवा लागा शिरः खंड।
पड़ेवा लागी खांडा तणी झड़।
